E - 3

ENTRANCE EXAMINATIONS - 2025

Ph.D. HINDI

Time: 2 Hours Max. Marks: 100

---

HALL TICKET NUMBER: ______________________

INSTRUCTION

1 कृपया इस पृष्ठ पर और ओ.एम.आर. शीट पर अपना प्रवेश-पत्र संख्या जरूर लिखें।
Write your Hall ticket number in the OMR Sheet given to you, as well as in the space provided above.

2. 70 प्रश्नों का यह प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है। भाग-ए और भाग-बी। प्रत्येक भाग में 35 प्रश्न हैं। भाग-ए के प्रश्न शोध-प्रविधि, सामान्य कौशल, तार्किक विचार आदि से संबंधित हैं और भाग-बी के प्रश्न हिंदी भाषा और साहित्य से संबंधित हैं।
The question paper is divided into two parts i.e. Part-A and Part-B. Each part contains 35 questions. Part-A is related to research methodology, general aptitude, logical reasoning etc. and Part-B related to the area of Hindi Language and Literature.

3. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है।
Each question has four answer options, only one is correct.

4 सभी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों के अनुसार ओ.एम.आर. शीट पर ही अंकित किए जाने चाहिए।
Answers to be marked on the OMR answer sheets following the instructions provided there upon.

5 इस प्रश्न-पत्र में ऋणात्मक-अंक का प्रावधान नहीं है।
There is no negative marking for the wrong answer.

6 कैलकुलेटर का प्रयोग वर्जित है।
Calculator is not allowed

E -3

## Part – A

1. नीचे लिखे अंग्रेजी के वर्ण एक विशेष क्रम में रखे गए हैं। आगे के क्रम के लिए विकल्प चुनिए।
KPA, LQB, MRC,NSD,______
(A) EOT
(B) TOE
(C) UOT
(D) OTE

2. अंग्रेजी में निम्नलिखित वर्णसमूहों में से विजातीय समूह पहचानिए-
(A) JKL
(B) TRS
(C) LMN
(D) VWX

3 निम्नलिखित संख्याओं में से विजातीय संख्या पहचानिए –
64,36,9,49,125,81
(A) 9
(B) 64
(C) 125
(D) 81

4 15 पेपरों के अंकों का औसत 42 है। पहले 8 पेपरों के अंकों का औसत 45 है और अंतिम 8 पेपरों का औसत 36 है। 8वें पेपर के अंक हैं--
(A) 15
(B) 17
(C) 18
(D) 20

5 एक कस्बे की 85 प्रतिशत आबादी 22,814 है, उस कस्बे की पूरी आबादी कितनी होगी?
(A) 26,840
(B) 25,840
(C) 27,840
(D) 25,920

6 60 व्यक्तियों के एक समूह में 40 व्यक्ति हिंदी बोलते हैं और 25 व्यक्ति अंग्रेजी और हिंदी बोलते हैं। पता लगाइए कि कितने लोग केवल अंग्रेजी बोलते हैं?

(A) 05

(B) 30

(C) 35

(D) 20

7 यदि आज रविवार है तो 60 दिन बाद कौन-सा दिन होगा-

(A) मंगलवार

(B) गुरुवार

(C) शुक्रवार

(D) शनिवार

8 नीचे लिखे हिंदी वर्ण एक विशेष क्रम में रखे गए हैं। आगे के क्रम के लिए सही विकल्प चुनिए।
कडब, खढभ, गणम, घतय, ______

(A) ङतन

(B) ङथद

(C) ङतद

(D) ङथर

9 नीचे लिखे हिंदी वर्ण एक विशेष क्रम में रखे गए हैं। आगे के क्रम के लिए सही विकल्प चुनिए।
अइए, अईए, अउओ, अऊओ, ______

(A) अऋअर्

(B) अऋऔ

(C) आएओ

(D) आएऔ

10 निम्नलिखित में 'ए.आई.(AI) टूल' नहीं है-

(A) Gemini

(B) Copilot

(C) QuillBot

(D) Audacity

11 कम्प्यूटर में डेटा को अस्थायी रूप से स्टोर करने के लिए कौन-सी मेमोरी उपयोग की जाती है?

(A) हार्ड डिस्क

(B) रैम (RAM)

E-3

(C) रोम (ROM)

(D) यूएसबी ड्राइव

12 Large Language Model (LLM) क्या है?

(A) यह एक प्रकार का कंप्यूटर प्रोग्राम है जिससे चित्र बनाए जाते हैं।

(B) यह एक कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम है।

(C) यह एक प्रकार का हॉर्डवेयर उपकरण है।

(D) यह एक प्रकार का ए.आई. मॉडल है जो प्राकृतिक भाषा को समझता और उत्पन्न करता है।

13. भारत की विदेश-नीति निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त पर आधारित है?

(A) अवसरवाद

(B) गुटनिरपेक्षता

(C) शक्ति-संतुलन

(D) पूँजीवाद

14 किस स्थान में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया?

(A) उरी

(B) पहलगाम

(C) पुलवामा

(D) पठानकोट

15. इनमें कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?

(A) बोडो

(B) संथाली

(C) भोजपुरी

(D) सिंधी

16. प्रत्यक्ष विशेष तथ्यों के आधार पर सामान्य सिद्धान्तों पर पहुँचना शोध की कौन-सी पद्धति है?

(A) निगमन पद्धति

(B) तुलनात्मक पद्धति

(C) प्रायोगिक शोध-पद्धति

(D) आगमन पद्धति

17. हिंदी विकीपीडिया का प्रारम्भ किस वर्ष हुआ?

(A) सन् 2006

(B) सन् 2005

(C) सन् 2003

(D) सन् 1998

18. कौन-सा अनुसंधान प्रतिमान वास्तविकता के व्यावहारिक धरातल पर आधारित होता है?

(A) मात्रात्मक शोध

(B) गुणात्मक शोध

(C) मिश्र शोध

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. फील्डवर्क पर आधारित शोध-कार्य को क्या कहा जाता है?

(A) क्षेत्र-कार्य

(B) ऐतिहासिक

(C) प्रयोगात्मक

(D) जीवनीपरक

20. निम्नलिखित में से कौन-से-तीन घटक मानव सम्प्रेषण प्रक्रिया के हिस्से हैं?

(A) संदेश, रिकॉर्डिंग और फीडबैक

(B) आवाज, फीडबैक और विशिष्ट शब्दावली

(C) संदेश, आवाज और फीडबैक

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

21. कक्षा में सम्प्रेषण तब असफल हो जाता है, जब -

(A) विद्यार्थी ध्यान नहीं देते हैं।

(B) शिक्षक शिक्षण कला में पारंगत नहीं होता है।

(C) विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाए जाने वाले पाठ में नहीं होती।

(D) कक्षा के अंदर और आस-पास बहुत शोर हो रहा होता है।

22. HTML के पूर्ण रूम है- Hyper Text _______________ Language, रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प है—

(A) Marking

(B) Makeup

(C) Markup

(D) Marker

23. उच्च शिक्षण संस्थाओं से सम्बद्ध नहीं है -

(A) सर्व शिक्षा अभियान

(B) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

E-3

(C) राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान

(D) राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्ययन परिषद्

24. दो खंडों में प्रकाशित 'Indian Knowledge Systems' किसकी पुस्तक है?

(A) अमित झा

(B) आलोक कुमार

(C) कपिल कपूर व अवधेश कुमार सिंह

(D) डॉ. उर्मिला सिंह व डॉ. सीताशरण सिंह

25. सार्क विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित है?

(A) नई दिल्ली

(B) कोलोम्बो

(C) काठमाण्डू

(D) इस्लामाबाद

26. विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग, 1948 के अध्यक्ष थे -

(A) डॉ.एस. राधाकृष्णन

(B) डॉ.डी.सी. कोठारी

(C) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

(D) सी.डी. देशमुख

27. MOOC का पूर्ण रूप है--

(A) Master Open Online courses

(B) Massive Open Online courses

(C) Massive Online Open Courses

(D) Master Online Open Courses

28 किस नीति के तहत राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (NRF) स्थापित किया गया था?

(A) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

(B) विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति 2021

(C) डिजिटल इंडिया मिशन

(D) आत्मनिर्भर भारत योजना

29. शोध प्रविधि में कौन-सी विधि शामिल होती है?

(A) तुलनात्मक शोध

(B) प्रायोगिक शोध

(C) ऐतिहासिक शोध

(D) उपरोक्त सभी

30. इनमें से भाषा शिक्षण की विधि कौन-सी है?

(A) प्रत्यक्ष विधि

(B) व्याकरण विधि

(C) अनुवाद-व्याकरण विधि

(D) उपरोक्त सभी

31. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अंतर्गत एम.ए.(अंतिम वर्ष) के पाठ्यक्रम को किसके साथ जोड़ा गया है?

(A) अनौपचारिक शिक्षा

(B)अध्यापन

(C) शोध

(D) स्वाध्याय

32. साहित्य, भाषा व संस्कृति आदि के शोध-लेखों में अधिकतर किस प्रकार की संदर्भ शैली का उपयोग होता है?

(A) IEEE

(B) MLA

(C) Harvard

(D) Chicago

33. 'द हिन्दू व्यू ऑफ़ लाईफ' पुस्तक के लेखक हैं?

(A) डॉ. एस. राधाकृष्णन्

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(D) मार्क टुली

34. NEP 2020 के तहत किस वर्ष तक उच्च शिक्षा में GER (Gross Enrollment Ratio) को 50% तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है?

(A) 2025

(B) 2030

(C) 2035

(D) 2040

35. "भारत का भविष्य उसकी कक्षाओं में निर्मित हो रहा है।" (The future of India is being built in the classroom) – यह कथन किस रिपोर्ट में उद्धृत है।

(A) राष्ट्रीय शिक्षा नीति,(1986)

(B) विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग,(1948)

(C) राष्ट्रीय ज्ञान आयोग, (2005)

(D) शिक्षा आयोग, (1964-66)

## PART-B

36. राजस्थान में भक्ति आन्दोलन का अलख जगाने का श्रेय किसे है?

(A) मीरा बाई

(B) नाभा दास

(C) पीपा दास

(D) धर्म दास

37. कौन-सी रचना नन्ददास की नहीं है?

(A) अनेकार्थ मंजरी

(B) रास पंचाध्यायी

(C) गोवर्धन लीला

(D) प्रेमवाटिका

38. 'अस्तित्व की तलाश में सिमरन' किसकी रचना है ?-

(A) चित्रा मुद्गल

(B) निर्मला भुरादिया

(C) प्रदीप सौरभ

(D) डॉ. मोनिका देवी

39. "यथार्थवाद लेखक के विचारों के बावजूद प्रकट हो सकता है" - किसका कथन है?

(A) प्रेमचन्द

(B) एंगेल्स

(C) अंतोनियो ग्राम्शी

(D) लेनिन

E-3

40. "युद्ध की प्रतिध्वनि जगाकर
जो हज़ारों बार दुहराई गई,
रक्त की विरुदावली कुछ और रँगकर
लोरियों के संग जो गाई गई—" ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं?

(A) दिनकर

(B) कुँवर नारायण

(C) निराला

(D) रामनरेश त्रिपाठी

41 'भट्ट, वह अशोक वन की सीता है...' यहाँ 'वह' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) भट्टिनी

(B) निपुणिका

(C) महामाया

(D) सुदाक्षिणा

42 'साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है' – किसका निबंध है ?

(A) भारतेंदु हरिश्चन्द्र

(B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) राजा लक्ष्मण सिंह

43 'रस आखेटक' इनमें से किसका निबन्ध है?

(A) विद्यानिवास मिश्र

(B) सरदार पूर्ण सिंह

(C) हजारीप्रसादस द्विवेदी

(D) कुबेरनाथ राय

44 "हिंदी साहित्य को यदि लोकतांत्रिक छवि निर्मित करनी है तो उसे पुरोहितवाद और गुरुडम से बाहर निकलना ही होगा" – यह किसका कथन है?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(B) शरण कुमार लिम्बाले

(C) जयप्रकाश कर्दम

(D) तेज सिंह

45 निम्नलिखित में से विजयदेव नारायण साही का काव्य-संग्रह नहीं है?

(A) साखी

E-3

(B) संवाद तुमसे

(C) छठवाँ दशक

(D) मछलीघर

46 'रूढ़ि' अथवा 'प्रयोजन' के आधार पर किस शब्द-शक्ति का अर्थ-ग्रहण किया जाता है?

(A) अभिधा

(B) लक्षणा

(C) व्यंजना

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

47 लौंजाइनस ने औदात्य का मूल आधार किसे माना है ?

(A) प्रतिभा को

(B) स्वयंप्रकाश ज्ञान को

(C) विषय को

(D) कवि चमत्कार को

48 "महाचिति सजग हुई सी व्यक्त" में 'महाचिति' किस दर्शन का पारिभाषिक शब्द है?

(A) बौद्ध दर्शन

(B) अद्वैत दर्शन

(C) प्रत्यभिज्ञा दर्शन

(D) जैन दर्शन

49 विनोद कुमार शुक्ल की रचना नहीं है?

(A) मेरे समय के शब्द

(B) नौकर की कमीज़

(C) खिलेगा तो देखेंगे

(D) दीवार में एक खिड़की रहती थी

50 'उपन्यास' नामक पत्रिका के संपादक कौन थे ?

(A) किशोरीलाल गोस्वामी

(B) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

(C) रामचन्द्र शुक्ल

(D) प्रेमचन्द

51 'अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद व्याकरण' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) कृष्णकुमार गोस्वामी

E-3

(B) उदयनायाण तिवारी

(C) सूरजभान सिंह

(D) भोलानाथ तिवारी

52 किन व्यंजनों का दीर्घ या द्वित्व रूप नहीं होता है ?

(A) अघोष

(B) सघोष

(C) अल्पप्राण

(D) महाप्राण

53 'ताँबे के कीड़े' किस प्रकार का नाटक है?

(A) यथार्थवादी

(B) अति-यथार्थवादी

(C) असंगत

(D) जादुई-यथार्थवादी

54 'अँधेरे में बुद्ध' किसका काव्य-संग्रह है?

(A) गगन गिल

(B) अनामिका

(C) कात्यायिनी

(D) सुशीला टाकभौरे

55 "भँवर केस वह मालति रानी। विसहर लुरई लीन्ह अरघानी।।" -- ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं?

(A) मुल्ला दाऊद

(B) तुलसी

(C) कवि मुंज

(D) जायसी

56 "साधारणीकरण के प्रभाव से सामाजिक का आश्रय के साथ तादात्म्य हो जाता है।"– यह किसका मत है?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) आचार्य विश्वनाथ

(C) आचार्य मम्मट

(D) आचार्य शंकुक

57 निम्नलिखित मे से कौन छंद का अंग नहीं है?

(A) लघु और गुरु

E-3

(B) मात्रा और वर्ण

(C) वाक्य और अर्थ

(D) पाद और चरण

58 'सहस्रफन' किस विधा की रचना है?

(A) नाटक

(B) उपन्यास

(C) कविता

(D) कहानी

59 'हिंदी की आत्मा' पुस्तक के लिखक हैं --

(A) कँवल भारती

(B) श्यौराज सिंह बेचैन

(C) डॉ. धर्मवीर

(D) डॉ. एन. सिंह

60 'पानी भीतर फूल' के लेखक हैं -

(A) शिवमूर्ति

(B) एकांत श्रीवास्तव

(C) अजय नावरिया

(D) शिवेन्द्र

61 'हिंदी साहित्य का ओझल नारी इतिहास' किसकी पुस्तक है?

(A) प्रभा खेतान

(B) निर्मला जैन

(C) सुमन राजे

(D) नीरजा माधव

62 'कसौटी' पत्रिका के संपादक थे-

(A) नंदकिशोर नवल

(B) रवींद्र कालिया

(C) परमानंद श्रीवास्तव

(D) नामवर सिंह

63 प्रयत्न के आधार पर स्पर्श-संघर्षी व्यंजन हैं-

(A) क् ख् ग् घ्

(B) च्, छ्, ज्, झ्,

E -3

(C) ट् ठ् ड् ढ्

(D) त् थ् द् ध्

64 दूसरी भाषा सीखते समय यदि कोई विद्यार्थी अपनी मातृभाषा के नियमों को दूसरी भाषा के नियमों पर प्रक्षेपित करता है तो उसे कहा जाता है-

(A) व्याघात

(B) सामान्यीकरण

(C) अशुद्धि

(D) भूल

65 निम्नलिखित में कौन-सा प्रकरण (आलोचनात्मक निबंध)'एक साहित्यिक की डायरी' में शामिल नहीं है-

(A) तीसरा क्षण

(B) एक लंबी कविता का अंत

(C) डबरे पर सूरज का बिम्ब

(D) आखिर रचना क्यों ?

66 'दलित साहित्य के प्रतिमान' किसकी पुस्तक है?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(B) डॉ. एन. सिंह

(C) तुलसीराम

(D) डॉ. धर्मवीर

67 'जंगल के गीत' उपन्यास के लेखक हैं-

(A) पीटर पॉल एक्का

(B) एलिस एक्का

(C) वंदना टेटे

(D) राकेश कुमार सिंह

68 भारत के राजपत्र में पत्राचार के इन रूपों का प्रकाशन होता है-

(A) कार्यालय-आदेश और आदेश

(B) अधिसूचना और संकल्प

(C) सूचना और परिपत्र

(D) सरकारी-पत्र और अर्ध-सरकारी-पत्र

69 न्यूमार्क के अनुसार अंतरक्रमिक अनुवाद इस प्रकार का अनुवाद होता है -

(A) भावानुवाद

(B) शब्द-प्रति-शब्द-अनुवाद

E-3

(C) सारानुवाद

(D) छायानुवाद

70 संप्रेषण के स्तर पर भाषा की मूल इकाई है--_

(A) वाक्य

(B) प्रोक्ति

(C) पद

(D) ध्वनि

---

# University of Hyderabad
## Entrance Examinations - 2025
## Ph.D. Admissions

# REVISED KEY

School/Department/Centre : Department of Hindi
Course : Ph.D. Subject : Hindi

| Q.No. | Answer | Q.No. | Answer | Q.No. | Answer |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 26 | A | 51 | C |
| 2 | B | 27 | B | 52 | D |
| 3 | C | 28 | A | 53 | C |
| 4 | C | 29 | D | 54 | A |
| 5 | A | 30 | D | 55 | D |
| 6 | D | 31 | C | 56 | B |
| 7 | B | 32 | B | 57 | C |
| 8 | D | 33 | A | 58 | B |
| 9 | A | 34 | C | 59 | C |
| 10 | D | 35 | D | 60 | B |
| 11 | B | 36 | C | 61 | D |
| 12 | D | 37 | D | 62 | A |
| 13 | B | 38 | D | 63 | B |
| 14 | B | 39 | B | 64 | A |
| 15 | C | 40 | B | 65 | D |
| 16 | D | 41 | A | 66 | B |
| 17 | C | 42 | C | 67 | A |
| 18 | C | 43 | D | 68 | B |
| 19 | A | 44 | A | 69 | B |
| 20 | C | 45 | C | 70 | B |
| 21 | B | 46 | B | | |
| 22 | C | 47 | A | | |
| 23 | A | 48 | C | | |
| 24 | C | 49 | A | | |
| 25 | A | 50 | A | | |

Note/Remarks : --

(6) Already been Modified & corrected -

(9) objection is invalid explanation Given

(13) objection is valid correct the Answer

Annapurna
Signature 26/6/25.
Department of Hindi

अध्यक्ष, हिंदी विभाग
Head, Department of Hindi
हैदराबाद विश्व विद्यालय
University of Hyderabad
हैदराबाद Hyderabad-500046